समाचार

नोवल कोरोना वायरस

# लाकडाउन के दौरान भिक्षुओं, जरूरतमंदों को स्वयंसेवी संगठनों के माध्यम से दिया जाएगा सुबह-शाम का भोजन

## (आयुक्त श्री राहुल देव व ए.डी.एम. श्री संजय अग्रवाल ने ली स्वयंसेवी संगठनों की बैठक)



कोरबा 26 मार्च 2020 -कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव व नियंत्रण हेतु लागू किए गए लाकडाउन के दौरान भिक्षुओं, रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड व अन्य स्थानों में रहकर, बेघरों, असहाय, बेसहारा लोगों को नगर के स्वयंसेवी संगठनों के माध्यम से दोनों समय का पैकेटबंद भोजन उनके स्थान पर पहुंचाकर उपलब्ध कराया जाएगा। आज आयुक्त श्री राहुल देव व ए.डी.एम. श्री संजय अग्रवाल ने निगम कार्यालय साकेत में स्वयंसेवी संगठनों की बैठक ली, इस पर चर्चा की तथा स्वयंसेवी संगठनों ने अपनी जिम्मेदारी का निर्वहनं करने का आश्वासन दिया।

नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव एवं उसके नियंत्रण की दिशा में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नगर निगम प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग ने अपनी सारी ताकत झोंक रखी है, महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल, आयुक्त श्री राहुल देव के मार्गदर्शन में विभिन्न एहतियाती कदम उठाएं गए हैं, जनजागरूकता का व्यापक प्रसार किया गया है, इसके लिए सरकार ने सम्पूर्ण देश में लाकडाउन कायम किया है, लाकडाउन के दौरान ऐसे व्यक्ति जो भिक्षाटन कर अपने भोजन की व्यवस्था करते हैं, जो भोजन बना नहीं सकते, उनका घर नहीं, बेसहारा व जरूरतमंद है, उन्हें दोनों समय का भोजन प्राप्त हो, इसके लिए प्रशासन ने महत्वपूर्ण कदम उठाएं हैं। इस कड़ी में आज कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल के निर्देश पर आयुक्त श्री राहुल देव व ए.डी.एम. श्री संजय अग्रवाल ने निगम कार्यालय साकेत में स्वयंसेवी संगठनों की बैठक ली, जिसमें अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष श्रीकांत बुधिया, लायंस क्लब से सुभाष अग्रवाल, रोटरी क्लब से मनीष अग्रवाल, संजय बुधिया, मानव आपदा प्रबंधन के संयोजक हितानंद अग्रवाल, छत्तीसगढ़ हेल्प वेलफेयर सोसायटी से राणा मुखर्जी व प्रभजोत कौर के साथ अन्य स्वयंसेवी संगठनों के सदस्य उपस्थित थे। बैठक के दौरान आयुक्त एवं ए.डी.एम. ने इस पर चर्चा की तथा स्वयंसेवी संगठनों से सहयोग का आग्रह किया। लायंस क्लब, रोटरी क्लब एवं अग्रवाल सभा के द्वारा संयुक्त रूप से इस हेतु 200 पैकेट भोजन सुबह एवं 200 पैकेट भोजन शाम को, छत्तीसगढ़ हेल्प वेलफेयर सोसायटी को उपलब्ध कराया जाएगा, सोसायटी के वालेन्टियर इन भोजन पैकेट को भिक्षुओं व जरूरतमंदों तक उनके स्थान पर ही पहुंचकर उन्हें देंगे।

**घर पहुंच सेवा हेतु बना प्लेटफार्म**– लाकडाउन के दौरान लोग अपने घरों पर रहे, अत्यावश्यक सामग्रियों को खरीदने दुकानों तक न जाना पड़े तथा सोशल डिस्टेंसिंग बनी रहे, इसके लिए जिला प्रशासन व निगम प्रशासन द्वारा घर पहुंच सेवा का प्लेटफार्म तैयार कराया गया है, जिसके तहत दूध, ब्रेड, दही, चावल, दाल आटा, शक्कर, नमक, सब्जी जैसे अत्यावश्यक सामग्रियां जरूरतमंदों को आनलाईन व्हाट्सअप द्वारा आर्डर करने पर उनके घर पहुंचाया जाएगा, इस व्यवस्था के तहत दूध, दही व ब्रेड की आपूर्ति श्री राजेन्द्र वर्नवाल द्वारा किए जाने की सहमति उनके द्वारा दी गई है। इसी प्रकार शहर के थोक आपूर्तिकर्ता राशन व अन्य आवश्यक खाद्य पदार्थो की आपूर्ति संबंधी प्लेटफार्म को करेंगे, वहीं थोक सब्जी व्यवसायियों द्वारा सब्जी की आपूर्ति उक्त प्लेटफार्म पर की जाएगी। घर पहुंच सेवा के लिए वालेन्टियर नियुक्त किए गए है, जिन्हें प्रशासन द्वारा परिचय पत्र दिए जाएंगे। घर पहुंच सेवा हेतु निगम के कोरबा जोन अंतर्गत मोबाईल नम्बर 79749–93846, परिवहन नगर जोन हेतु मोबाईल नम्बर 74707–05767, कोसाबाड़ी जोन हेतु मोबाईल नम्बर 62662–07670 तथा पं.रविशंकर शुक्ल जोन हेतु मोबाईल नम्बर 91317–29019 में सूचित किया जा सकता है।

**थोक सब्जी व्यापारी बनाए व्यवस्था, सोशल डिस्टेंसिंग का करें पालन**– आयुक्त श्री देव एवं ए.डी.एम.श्री अग्रवाल ने आज बुधवारी थोक बाजार के व्यापारियों की बैठक ली तथा व्यापारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि यह देखने में आता है कि बुधवारी थोक बाजार में भारी अव्यवस्था फैलती है, फुटकार व्यापारियों की भीड़ जमा होता है, सोशल डिस्टेंसिंग पालन नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण कोरोना वायरस के संक्रमण की आशंका बढ़ रही है, अतः वे व्यवस्था को सुधारे, शहर एवं जिले में लाकडाउन के साथ–साथ धारा 144 भी प्रभावशील है, यदि अव्यवस्था फैलाई गई तो कड़ी कार्यवाही होगी। उन्हें निर्देश दिए गए कि वे अपनी थोक दुकानो के सामने निर्धारित दूरी चिन्हाकित करते हुए मार्किंग कराएं तथा एक–एक करके फुटकर व्यवसायियों को सब्जी दें ताकि सोशल डिस्टेंसिंग कायम रहे। उन्होने कहा कि उस समय जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन व निगम प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी भी रहेंगे, अतः समस्त थोक व्यापारीगण इसके लिए एक सुनियोजित व्यवस्था बनाकर उसे क्रियान्वित कराएं।